आकांक्षी ज़िलों में बैंकिंग सुविधा पहुँचाने के मामले में पूर्णिया ज़िला शीर्ष पर

चर्चा में क्यों?

12 अक्तूबर, 2023 को बैंकर्स समिति से राज्य सरकार को मिली रिपोर्ट के अनुसार बिहार के आकांक्षी ज़िलों में बैंकिंग सुविधा पहुँचाने के मामले में पूर्णिया ज़िला शीर्ष पर रहा।

प्रमुख बिंदु

- लक्षित वित्तीय समायोजन एकीकृत कार्यक्रम (टीएफआईआईपी) के दूसरे चरण के तहत बिहार के आकांक्षी ज़िलों में एकीकृत कार्यक्रम के तहत लक्षित समूह तक बैंकिंग सुविधाएँ पहुँचाई जाती हैं। उसके माध्यम से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है।
- वित्त विभाग ने बताया कि औरंगाबाद, नवादा और पूर्णिया में अटल पेंशन योजना की उपलब्धि दो सौ प्रतिशत से भी अधिक रही है। इसमें सबसे कम उपलब्धि 131 प्रतिशत मुज़फ्फरपुर की रही है।
- 231 प्रतिशत की उपलब्धि के साथ पूर्णिया शीर्ष पर रहा है। शेखपुरा में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की उपलब्धि 111 प्रतिशत रही है। इस योजना में सबसे खराब प्रदर्शन मात्र 58 प्रतिशत सीतामढ़ी ज़िला का रहा है।
- जबकि अररिया, बेगूसराय, जमुई, मुज़फ्फरपुर, पूर्णिया और शेखपुरा में जीवन ज्योति बीमा योजना की उपलब्धि सौ प्रतिशत से अधिक पाई गई। समग्रता में सभी आकांक्षी ज़िलों की उपलब्धि बेहतर रही है।
- गौरतलब है कि बिहार के 13 ज़िले आकांक्षी ज़िलों में शामिल हैं। इनमें अररिया, बांका, औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जमुई, कटिहार, खगड़िया, मुज़फ्फरपुर, नवादा, पूर्णिया, शेखपुरा और सीतामढ़ी हैं। इन सभी ज़िलों में बैंकिंग सुविधा से वंचित नागरिकों का खाता खोलने के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/purnia-district-is-on-top-in-providing-banking-facilities-to-aspirational-districts